# प्रादेशिक समाचार

## दिनांक – 31.12.2025 (संध्या–1900 बजे)

### मुख्य समाचार

- केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने महत्वपूर्ण राजमार्ग परियोजनाओं को दी मंजूरी, सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा–ये परियोजनायें विकसित भारत की दिशा में बढ़ाया गया अहम कदम।
- प्रदेश भाजपा आगामी आठ से दस जनवरी तक मण्डल स्तर पर सभा और गोष्ठी के जरिये जनता को अवगत कराएगी जी राम जी अधिनियम की खूबियां।
- आय से अधिक संपत्ति मामले में एसीबी ने आज दूसरे दिन भी कारोबारी विनय सिंह और उनकी पत्नी के ठिकानों पर की छापेमारी, कई दस्तावेज जब्त।
- 69वीं राष्ट्रीय स्कूली बॉक्सिंग प्रतियोगिता में झारखंड के नन्हे बॉक्सरों का शानदार प्रदर्शन, अंडर–14 बालक वर्ग में दो कांस्य पदक जीतकर बढ़ाया राज्य का मान।
- राज्य में कड़ाके की ठंड से जनजीवन प्रभावित, विमान और रेल सेवा पर असर, आज और कल कई इलाकों में गहरे धुंध को लेकर येलो अलर्ट जारी।

***************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आज हुई केन्द्रीय मंत्रिमण्डल की बैठक में महत्वपूर्ण राजमार्ग परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंत्रिमंडल के फैसलों की जानकारी देते हुए बताया कि ये परियोजनायें विकसित भारत की दिशा में बढ़ाया गया महत्वपूर्ण कदम है।

***************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से आज रांची स्थित आवासीय कार्यालय में पुलिस महानिदेशक तदाशा मिश्रा ने शिष्टाचार मुलाकात की। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने उन्हें पुलिस महानिदेशक और पुलिस महानिरीक्षक के पद पर नियुक्ति तथा पदस्थापन के लिए बधाई और शुभकामनायें दी।

***************

खरसावां गोलीकांड की बरसी पर कल शहीद स्थल पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित होगा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा समेत कई दिग्गज नेता इसमें भाग लेंगे। शहीद दिवस कार्यक्रम को लेकर जिले के उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक ने स्थल निरीक्षण किया तथा आवश्यक निर्देश दिये।

***************

भारतीय जनता पार्टी आगामी आठ, नौ और दस जनवरी को राज्य में मण्डल स्तर पर सभाएँ और गोष्ठी के माध्यम से जी राम जी अधिनियम की खूबियों से जनता को अवगत कराएगी। पार्टी के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद आदित्य प्रसाद साहू ने आज रांची स्थित पार्टी कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत में बताया कि  इन तीन दिनों मे भाजपा के मण्डल स्तर के कार्यकर्त्ता लोगों के बीच जाकर अधिनियम मे निहित प्रावधानों के बारे में जानकारी देंगे।

***************

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, एसीबी ने आय से अधिक संपत्ति के मामले में आज दूसरे दिन भी धनबाद के बरवाअड्डा थाना क्षेत्र के काशीटांड़ और बरवाड्डा स्थित ऑटोमोबाइल शो रूम में छापेमारी की। ये शो रुम जेल में बंद कारोबारी विनय सिंह की पत्नी स्निग्धा सिंह के बताये जा रहे हैं। एसीबी रांची और धनबाद की संयुक्त टीम फिलहाल शोरूम में हुए निवेश और अवैध संपत्ति से जुड़े दस्तावेजों की जांच कर रही है। एसीबी मौके पर मौजूद कर्मचारियों से पूछताछ कर रही है और वित्तीय लेन–देन से संबंधित कागजात भी खंगाल रही है।

***************

झारखंड समेत देशभर में अटल बिहारी वाजपेयी का जन्म शताब्दी समारोह धूम धाम से मना रहा है। इसी कड़ी में केन्द्रीय महिला और बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने गिरिडीह में आयोजित अटल स्मृति सम्मेलन को

संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी ने विकसित भारत के निर्माण की जो नींव रखी थी, उसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आगे ले जाने का काम रहे हैं।

***************

रांची के जिला स्कूल मैदान परिसर में चल रहे दस दिवसीय राष्ट्रीय पुस्तक मेले में आज झारखण्ड की भौगोलिक स्थिति, लोक परंपराओं और संस्कृति से जुड़ी चार पुस्तकों का लोकार्पण हुआ। इस मौके पर राज्यसभा सदस्य महुआ माजी ने कहा कि राष्ट्रीय पुस्तक मेला ऐसा मंच है, जिसने कई रचनाकारों को पहचान दी है।

***************

मध्य प्रदेश के गुना में आयोजित 69वीं राष्ट्रीय स्कूली बॉक्सिंग प्रतियोगिता के चौदह वर्ष से कम आयुवर्ग के बालक वर्ग में झारखंड के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए दो कांस्य पदक जीतकर राज्य को गौरवान्वित किया है। प्रतियोगिता में अलग–अलग भार वर्ग में झारखंड के आकाश रजक और राहुल कर्मकार ने कांस्य पदक अपने नाम किया।

***************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने हाल ही में रांची की फुटबॉल खिलाड़ी अनुष्का कुमारी को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित किया है। राष्ट्रपति के हाथों यह सम्मान मिलने के बाद उसके हौसले बुलंद हैं और वह गौरवान्वित महसूस कर रही हैं।

***************

राज्यभर में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। पिछले 24 घंटे के दौरान गुमला में न्यूनतम तापमान 3 दशमलव 9 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया, जो राज्य में सबसे कम रहा। राज्य के 11 जिलों में पारा 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे रिकार्ड किया गया। आज और कल कई इलाकों में गहरे धुंध को लेकर मौसम विज्ञान केंद्र ने येलो अलर्ट जारी किया है। इधर देश के उत्तरी भागों में घने कोहरे के कारण आज रेल और हवाई यातायात प्रभावित हुई है। कई रेलगाड़ियां जहां विलंब से चल रही हैं वहीं कोहरे और कम दृश्यता के कारण 148 उड़ानें रद्द कर दी गई हैं।

***************

वर्ष 2025 अब विदा लेने को है और नए साल के स्वागत को लेकर लोग बेकरार हैं। वर्ष के अंतिम दिन मंगलकामना को लेकर मंदिरों और धार्मिक स्थलों पर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। इधर राजधानी रांची समेत राज्यभर प्रमुख पर्यटन स्थलों पर सैलानियों के लिए खास प्रबंध किए गए हैं, ताकि वे निर्बाध रुप से नए साल का जश्न मना सकें। रांची में ड्रंक ड्राइविंग और तेज रफ्तार पर पुलिस की पैनी नजर है। रांची के नगर पुलिस अधीक्षक पारस राणा ने यातायात नियमों का पालन नहीं करने वाले लोगों पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी है।

*******समाप्त********